## Reading Comprehension

परिश्रम सफलता की कुंजी है । मनुष्य की तरह ही पशु और पक्षी भी मेहनत करते हैं। मिलजुल कर मेहनत करने से सफलता प्राप्त होती है । चींटी आकार में कितनी छोटी होती है परंतु सभी चींटियाँ मिलजुल कर मेहनत करती हैं । इस कारण ही उन्हें सफलता मिलती है । तुम्हें भी आपस में मिलजुल कर रहना है। मेहनत करके अच्छी पढ़ाई करना है । माता-पिता, अध्यापक, रिश्तेदार सभी को खुश करना है। छोटी सी चींटियों से भी हमें मिलजुल कर रहने की और मेहनत से काम करने की सीख लेनी चाहिए।